प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का तेज हुआ चुनावी दौरा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 12 मई को सिमरिया और 16 को बिरनी में सभा, कल गुमला और चाईबासा में राहुल गांधी की रैली।
- राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग की पहल, कल शाम छह से आठ बजे तक चलेगा मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर विशेष अभियान, सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड होंगे लोकसभा चुनाव संबंधी पोस्ट।
- छठे चरण के लिए नामांकन का आखिरी दिन आज, गिरिडीह से लोकसभा प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और मथुरा महतो भरेंगे चुनावी पर्चा, रांची से यशस्वनी सहाय करेंगी नामांकन।
- सीआईएससीई आज सुबह 11 बजे जारी करेगा 10वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम, आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं नतीजे।
- मौसम विभाग का पूर्वानुमान, राज्य के कई हिस्सों में आज से 10 मई तक छाएंगे बादल, ओलावृष्टि, वज्रपाज और आंधी की संभावना

****************

झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का चुनावी दौरा तेज हो गया है। चतरा लोक सभा सीट पर 12 मई को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री मोदी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। चतरा के सिमरिया में अयोजित जन सभा में पीएम मोदी भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह को जिताने की अपील करेंगे। इसके बाद 16 मई को गिरिडीह जिला के बिरनी प्रखंड के पेशमअरवाड़ मैदान में प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर 10 मई को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह खूंटी में जनसभा करेंगे। इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल झारखंड के दौरे पर आएंगे। राहुल गांधी लोहरदगा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र के लिए गुमला के सिसई में जनसभा करेंगे। इसके साथ चाईबासा में भी राहुल गांधी की चुनावी सभा प्रस्तावित है। महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में आने वाले दिनों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के साथ राजद नेता तेजस्वी यादव सहित कई नेता जन सभा को संबोधित करेंगे।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में स्वीप कार्यक्रम के तहत कल शाम छह से आठ बजे के बीच मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें। के रवि कुमार ने कल सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को लेकर सभी जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी, सोशल मीडिया के नोडल पदाधिकारी समेत निर्वाचन कार्य में जुड़े सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की जानकारी दी। उन्होंने चुनाव से संबंधित फोटो,वीडियो, टेक्स्ट अपलोड करते हुए संबंधित हैशटैग को ट्रेन्डिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बनकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हैशटैग लगाते हुए चुनाव से संबंधित सामग्री को जरूर पोस्ट करें।

****************

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। इस चरण में झारखंड की गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर संसदीय सीट के लिए 25 मई को मतदान होगा। गिरिडीह सीट से एनडीए की ओर से आजसू पार्टी के प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

रांची लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय भी आज चुनावी पर्चा दाखिल करेंगी। इस चरण के लिए कल नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि नाम वापसी की तिथि नौ मई निर्धारित की गयी है।

****************

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की अधिसूचना कल जारी होगी। इस चरण में झारखंड की तीन सीटों राजमहल, गोड्डा और दुमका समेत सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस महीने की 14 तारीख तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। इस चरण के लिए मतदान 1 जून को होगा।

****************

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण लिए नाम वापसी का आज आखिरी दिन है। इस चरण में झारखंड की चतरा, कोडरमा और हजारीबाग संसदीय सीट के साथ गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए 20 मई को मतदान होगा। स्क्रूटनी के बाद इन तीन लोकसभा सीटों के लिए 57 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं।

****************

लोकसभा आम चुनाव में सिमडेगा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से कल स्वीप जतरा सह मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। स्वीप के तहत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली में आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में प्रतिभागियों ने मांदर की थाप पर झूमते थिरकते शहर का परिभ्रमण किया। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने मांदर बजाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ सड़क पर पैदल चलते हुए मतदाताओं से 13 मई को निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की। लोगों को बताया गया कि मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम के 5 बजे तक है। मजबूत और स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान को जरूरी बताया गया।

****************

पाकुड़ जिले में झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी से जुड़ी सखी दीदियाँ लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन सीआइएससीइ आज 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित करेगा। बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने कल बताया कि परीक्षा परिणाम की घोषणा दिन में 11 बजे की जायेगी। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, कैरियर्स पोर्टल और डिजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे ।

****************

रांची समेत राज्य भर में आज से अगले चार दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। रांची मौसम केन्द्र ने आज कई हिस्सों में आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात को लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है । मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में 10 मई तक मेघगर्जन और वज्रपात का पूर्वानुमान है। वहीं पिछले चौबीस घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। कोल्हान और पलामू प्रमंडल के अलावे गोड्डा और पाकुड़ जिले में लू का असर रहा।

****************

अखबारों की सुर्खियां –

राजधानी से छपने वाले लगभग सभी अखबारों ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिग्गज नेताओं के तूफानी दौरे की खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।
प्रभात खबर ने अपने पहले पन्ने पर लिखा है–नीटः पेपर लीक के शक में पटना में पांच, रांची में छह फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए।
हिन्दुस्तान ने लिखा है– झारखंड के कई जिलों में कल ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है– सीआईएससीई – 10वीं और 12 वीं के नतीजे आज आएंगे , इस साल नहीं होंगे कंपार्टमेंट एग्जाम।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– अवैध तरीके से टिकट काट रहा हटिया स्टेशन का टीटीई निलंबित।
राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– पीएम झारखंड के सिमरिया में 12 और बिरनी में 16 को करेंगे जनसभा।
रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– राहुल गांधी की चुनावी सभा कल ।
रांची में बीएसएनएल कार्यालय कैंपस में लगी भीषण आग की खबर को
टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने पर जगह दी है
हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा है – बजरंग पूनिया अस्थायी रुप से निलंबित, डोप नमूना न देने पर नाडा की कार्रवाई।

****************